Ravi Kant Anand (H.O.D)
Dept. of Geography
Date :- 29/05/2020

महासागर (Ocean)

महासागर पृथ्वी के लगभग 71% भाग पर फैले हुए है। विश्व के महासागरों का क्षेत्रफल 357 मिलियन वर्ग किमी. है। जो मंगल ग्रह के क्षेत्रफल का दुना तथा चाँद के क्षेत्रफल का नौ गुना है। विश्व का लगभग 98% जल सागरों में लगभग 2% नदियों, झीलों, भूगर्त तथा मिट्टी में है। जल की बहुतायत मात्रा के कारण पृथ्वी को जल ग्रह कहा जाता है। यदि पृथ्वी के उच्चावच को सागर में डालकर समतल कर दिया जाए तो पूरी पृथ्वी पर सागर की गहराई लगभग 2.25 km होगी। जल के कारण ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। प्रकारः पृथ्वी के 70.8% भाग पर महासागर एवं सागर फैले हुए है। विश्व में 5 महासागर है जो इस प्रकार है।

1. Preitic Ocen (प्रशांत महासागर)
2. Atlantic Ocen (अटलांटिक महासागर)
3. Indian Ocen (हिन्द महासागर)
4. Arctic Ocen (आर्कटिक महासागर)
5. Southern Ocen (दक्षिण महासागर)

महासागरों के अधिकतर तल पाद में बने हुए है, जिनकी आयु 8 करोड़ वर्ष से कम है। यूरेशिया तथा अफ्रीका प्लेटों के एक दूसरे के निकट आने तथा टकराने से भाप के महाद्वीपों तथा महासागरों का स्वरूप बना।

Scanned with CamScanner

1. प्रशांत महासागर

प्रशांत महासागर विश्व का सबसे बड़ा तथा सबसे गहरा समुद्र है। तुलनात्मक भौतिक तथा भौगोलिक अध्ययन से पता चलता है कि इस महासागर मे पृथ्वी का भाग कम तथा जलीय क्षेत्र अधिक है। सर्वप्रथम पेटर ट्युक महोदय ने इसके बारे मे पता लगाना प्रारम्भ किया। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने पर संयुक्त राष्ट्र ने निम्न खोजे की और अब भी जारी है। इसका क्षेत्रफल 6,36,34,000 वर्ग मील अर्थात अटलांटिक महासागर के दोगुने से भी अधिक है। यह फिलीपिंस तट से लेकर पनामा 9,455 मील चौड़ा तथा बेरिंग जलसंधि से लेकर अंटार्कटिक (दक्षिण) तक प्रशांत महासागर का धरातल प्रायः समतल है। पूर्वी भाग द्वीप रहित तथा अमेरिका के उपांत भाग मे है। इसका अधिकतर भाग 18,000 फुट गहरा है। इसका अधिकतर गहराई कम 13000 फुट है जिसे एल्वाट्रॉस पठार कहते थे, दक्षिणी अमेरिका के पश्चिमी भाग मे स्थित है। इस चबूतरे की अन्य शाखाएँ उत्तर की ओर रियातर तथा पश्चिम मे फ्यामोइ द्वीप समूह मारकेसस द्वीप तथा दक्षिण मे अंटार्कटिका तक फैली है। इस सागर की सतह मुख्यतया पश्चिम मे कई बड़ी - बड़ी लम्बी खाइयो से भरी पड़ी है। कुछ महत्वपूर्ण खाइयों के नामः

मरियाना ट्रेंच व टेसेगारोरा (Tusearora)- 32,644 फुट

नेरो (Nero) - 32,107 फुट
एलिड्रच (Aldrich) - 30,930 फुट
अल्यूशैन (Aleushan) - 25,194 फुट

प्रशांत महासागर का वह भाग जो कर्क रेखा तथा मकर रेखा के मध्य में है, मध्य प्रशांत महासागर कहा जाता है। कर्क के उत्तरी क्षेत्र को उत्तरी प्रशांत तथा मकर के दक्षिण स्थित भाग को दक्षिणी प्रशांत महासागर कहा जाता है।

अन्तरराष्ट्रीय जल सर्वेक्षण संगठन (International Hydrographic Orgnization) द्वारा इसे दो भागों में विभक्त करने के लिए भूमध्य रेखा का सहारा लिया गया है। 1500 पं० द० पूर्वी प्रशांत के उन्हीं भागों के लिए प्रयुक्त होता है जो भूमध्य रेखा के दक्षिण में है। इसकी खोज स्पेनवासी बैलेयो ने की तथा इसने प्रशांत महासागर को पनामा नामक स्थान पर दक्षिणी सागर नाम दिया।

प्रशांत महासागर के उत्तर पूर्व एवं पश्चिम से होता हुआ भूपटल का सबसे कमजोर भाग गुजरता है। इसके कारण यहाँ पर अधिकतर भूकम्प एवं ज्वालामुखियों के उद्गार के बिंदु हैं।

अभी भी यहाँ 300 ऐसे ज्वालामुखी पर्वत है जिनमे से निरंतर उद्गार हुआ करते है। इस महासागर मे छिटके द्वीपो का उद्भव प्रवालवलय, ज्वालामुखी अथवा भूकम्प के द्वारा हुआ है।

प्रशांत महासागर के तथ्य -

* प्रशांत महासागर एशिया और आस्ट्रेलिया को अमेरिका से अलग करता है।
* प्रशांत महासागर मे अग्नि वलय बेसन मे विश्व के 75% सक्रिय ज्वालामुखी है।
* प्रशांत महासागर के पश्चिम किनारे पर जापान, फिलीपिंस, इंडोनेशिया आदि मिलाकर 700 द्वीप है।
* प्रशांत महासागर की सीमा पर 55 देश मौजूद है (अमेरिका, आस्ट्रेलिया, चीन, जापान)
* विश्व की 70% मछलीयाँ इसी महासागर मे पाई जाती है।
* पृथ्वी पर स्थित महासागर के जल का 50% जल प्रशांत महासागर मे है।
* प्रशांत महासागर को पार करके निकलने वाला पहला इंसान जो कि 9100 km लंबे महासागर को तैर कर पार कर लिया। फ्रांस के तैराक "बेन लेकोम" ने 5 जून को जापान के पूर्वी तट से प्रशांत महासागर मे छलांग लगाई।

2. अटलांटिक महासागर

अंधमहासागर या अटलांटिक महासागर

उस विशाल जलराशि का नाम है जो यूरोप तथा अफ्रीका महाद्वीपों को नई दुनियाँ के महाद्वीपों से पृथक करती है। क्षेत्रफल और विस्तार में दुनियाँ का दूसरे नम्बर का महासागर है जिसने पृथ्वी का 1/6 क्षेत्र घेरे इस महासागर का नाम ग्रीक संस्कृति से लिया गया है जिसमें इसे नक्शे का समुद्र बोला जाता है। इस महासागर का आकार लगभग अंग्रेजी अक्षर 8 के समान है। लम्बाई की अपेक्षा इसकी चौड़ाई अत्यधिक कम है।

आर्कटिक सागर जो बेरिंग जलडमरूमध्य से उत्तरी ध्रुव होता हुआ स्पिट्सबर्जेन और ग्रीन लैंड तक फैला है। इसकी लम्बाई 12810 मील है। दक्षिण में जार्जिया के दक्षिण में स्थित वेडल सागर भी इसी का अंग है। इस सागर को काला शोर महासागर भी कहते हैं।

* यह महासागर पृथ्वी की 20 फीसदी सतह पर फैला हुआ है। और प्रशांत महासागर के बाद दूसरा सबसे बड़ा महासागर है।
* द्वीप समूह - अटेन्शियर द्वीप, गफ द्वीप, बुवेत द्वीप

3. हिन्द महासागर

यह दुनियाँ का तीसरा सबसे बड़ा समुद्र है और पृथ्वी की सतह पर उपस्थित पानी का लगभग 20% भाग इसमें

समाहित है। उत्तर मे यह भारतीय उपमहाद्वीप से पश्चिम मे पूर्व अफ्रीका, पूर्व मे हिन्द चीन। सुंदा द्वीप समूह और आस्ट्रेलिया तथा दक्षिण मे दक्षिण ध्रुवीय महासागर से घिरा है। हिन्द महासागर के प्रमुख द्वीप —

(i) मेडागास्कर (विश्व का चौथा सबसे बड़ा द्वीप है)।
(ii) रीयूनियन द्वीप (फ्रांस का द्वीप है)
(iii) कोमोरोस (अफ्रिका का द्वीप है)
(iv) सेशेल्स (115 द्वीप समूह राष्ट्र)
(v) मालदीव (डोडो पक्षी यहीं विलुप्त हुआ है)
(vi) मॉरीशस (26 प्रवाल द्वीपो की एक दीहरीचेन)
(vii) श्रीलंका का (आधिकारिक नाम श्रीलंका समाजवादी जनतांत्रिक गणराज्य)
(viii) इंडोनेशिया (विश्व का सर्वाधिक द्वीप समूह

Note :- इसकी आकृति विकृत M की भाँति है।

यह तीन ओर से विष्टित महासागर है। इसकी सीमाओं पर प्राचीन पठारी भूखंड है। 1960 - 1965 के मध्य IIDE के फलस्वरूप इस महासागर की वली के संबंध मे —

4. आर्कटिक महासागर

पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध मे स्थित ध्रुवीय महासागर या आर्कटिक महासागर जिसका विस्तार अधिकतर आर्कटिक उत्तर ध्रुवीय क्षेत्र मे है। यह दुनियाँ का सबसे

छोटा और उथला महासागर है। अंतरराष्ट्रीय जल सर्वेक्षण संगठन (IHO) इसको महासागर स्वीकार करता है। यह पूरी तरह से यूरेशिया और उत्तरी अमेरिका से घिरा आंशिक रूप से साल भर मे समुद्री बर्फ ढंकी रहती है।

5. दक्षिण महासागर

इसे अंटार्कटिक महासागर या आस्ट्रेलियाई महासागर के रूप मे भी जाना जाता है। यह महासागर अंटार्कटिका महाद्वीप को घेरता है।

International Hydrographic Orgnization (IHO) के कामोडोर जॉन लीच के अनुसार दक्षिणी महासागर शब्द का उपयोग किया।

ONE LINER OCEAN

* मेरी कल्चर मे किसका उत्पादन किया जाता है? — समुद्री जीव

* वह सागर जो महासागरीय मरुभूमि के रूप मे अभिहित किया जाता है? — सार गेसो सागर

* क्या महासागरीय जलधाराएँ समुद्री जल को साफ करती है — हाँ

* बेरिंग कैनियन की लम्बाई - 400 km.
* ज्वार भाटा की उत्पत्ति से संबंधित संतुलन सिद्धांत किसने दिया - सर न्यूटन
* ज्वार भाटा से की उत्पत्ति से संबंधित गतिक सिद्धांत का प्रतिपादन - लाप्लास द्वारा
* ज्वार भाटा का स्थैतिक वरेग सिद्धांत के प्रतिपादक - आर० ए० हैरिस
* कौन सा जल संयोग मलेशिया तथा सुमात्रा को स्पर्श करता हुआ जावा सागर तथा बंगाल की खाड़ी को जोड़ता है? - मलाका जल संयोग
* जिब्राल्टर जलसंधि - भूमध्यसागर और अंधमहासागर
* हम्बोल्ट धारा किस तट के पास बहती है - एशिया के पूर्वी तट के पास
* समुद्र की गर्म धाराएं किस ओर बहती है - ध्रुवों की ओर
* विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति - ग्रेट बैरियर रीफ (आस्ट्रेलिया)